तापमान
अधिकतम 18.3 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 11 जनवरी 2025

11 बाजारों से रात को भी कूड़ा उठाएगी नगर निगम की ...

12 किसानों ने मकड़ौली टोल प्लाजा पर निकाली ...


## खबर संक्षेप




### एमडीयू: लक्की ने जूडो में जीता सिल्वर मेडल

**रोहतक।** जीएनडीयू अमृतसर में आयोजित नॉर्थ जोन पुरुष जूडो प्रतियोगिता में एमडीयू के लक्की ने 60 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। खेल निदेशक प्रोफेसर आरपी ने विजेता खिलाड़ी और उनके कोच डॉ. सुभाष शर्मा और मैनेजर डॉ. पदमा मित्तल को बधाई दी।

### यूजी-पीजी प्रैक्टिकल परीक्षाएं घोषित की

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों की दूसरे फेज की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 13 जनवरी से 20 जनवरी तक तथा यूजी व पीजी एनईपी-2020 पाठ्यक्रमों की 27 जनवरी से 5 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि उपरोक्त परीक्षाओं की डेटशीट समेत अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### एमडीयू में तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस आज से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का भूगोल विभाग 11-13 जनवरी तक 36वीं आईजीआई नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन करेगा। भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. महताब सिंह ने बताया कि एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ करेंगे। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर उद्घाटन सत्र में शिरकत करेंगे तथा आईजीआई अध्यक्ष प्रो. सुनील कुमार डे उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। प्रो. बीनू सांगवान इस राष्ट्रीय संगोष्ठी की कंवीनर हैं तथा प्रो. प्रमोद भारद्वाज आयोजन सचिव हैं। यह कार्यक्रम फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर के कांफ्रेंस कक्ष में प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ होगा।

### निः शुल्क नेत्र जांच शिविर 14 को

**महम।** मकर सक्रांति के दिन मंगलवार 14 जनवरी को हरियाणा जनसेवक पार्टी कार्यालय महम में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा। नगर पार्षद बॉबी गोयल ने बताया कि शिविर सुबह 9 बजे शुरू होगा। अनुभवी डॉक्टरों की टीम नेत्रों की जांच करेगी। दवाइयां भी निशुल्क मुहैया करवाई जाएंगी। शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक बलराज कुंडू करेंगे।

### पुलिस टीम पर हमले में आठवां आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमले के मामले में पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश जेल भेजा गया है। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी ने बताया कि दिलबाग सिंह ने बताया कि मुख्य सिपाही देवेंद्र के नेतृत्व में 1 जनवरी को आरोपी सचिन को अवैध हथियार के मामले में गिरफ्तार किया गया। उक्त मामले में शामिल प्रीतम व हर्ष को गिरफ्तार किया गया। वांछित आरोपी प्रदीप को अवैध हथियार के मामले में गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम तैयार की गई। पुलिस टीम में मुख्य सिपाही देवेन्द्र, सुशील, पीएसआई विकास, मुख्य सिपाही अश्वनी को शामिल कर टीम को रवाना किया गया। आरोपी प्रदीप घर पर मौजूद मिला जिसे अभियोग बारे अवगत कराया गया। प्रदीप ने चिल्लाकर अपने माता पिता को आसपास के लोगों के इक्टठा कर मारपीट करके छुड़वाने के बारे आवाज लगाई।



## गंभीर मरीजों के लिए 4 बेड का आईसीयू और नॉर्मल के लिए 15 बेड बनाए गए

# एचएमपीवी वायरस पर पीजीआई अलर्ट तैयारी तेज, आइसोलेशन वार्ड भी बनाया

- बेड रिजर्व, आईसीयू तैयार, वेंटिलेटर भी लगाए
- कुलपति बोले-स्वास्थ्य कर्मी लगाएं मास्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डॉक्टरों की मीटिंग लेते वीसी डॉ. एच के अग्रवाल



वार्ड में लगा वेंटिलेटर



कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस एचएमपीवी को लेकर पीजीआई अलर्ट हो गया है। इसे लेकर मरीजों के आइसोलेशन के लिए स्पेशल वार्ड बना दिया गया है। गंभीर मरीजों के लिए 4 बेड का आईसीयू और नॉर्मल मरीजों को रखने के लिए 15 बेड लगा दिए गए हैं। आईसीयू में लगाए गए बेड पर 24 घंटे ऑक्सीजन भी उपलब्ध रहेगी और साथ ही वेंटिलेटर भी लगाए गए हैं। इतना ही नहीं इस वायरस के टेस्ट भी निशुल्क किए जाएंगे। यहां ये भी बता दें कि अभी तक हरियाणा में कोई एचएमपीवी का कोई भी केस नहीं मिला है। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने इस संबंध में गत दिवस माइक्रोबायोलॉजी विभाग अध्यक्ष डॉ. अपर्णा परमार, मेडिसिन विभाग के डॉ. सुधीर अत्री, शिशु रोग विभाग के डॉ. एनडी वासवानी, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग अध्यक्ष डॉक्टर नीलम व पीसीसीएम विभाग के डॉक्टर पवन के साथ मीटिंग करके आगामी रणनीति तैयार कर ली, ताकि यदि कोई केस आता है तो किसी प्रकार की कोई कमी ना रहे। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि बहुत जल्द फ्लू क्लीनिक शुरू किया जाएगा, जिसमें जुकाम, खांसी और गले में दर्द के मरीजों की ओपीडी के भूतल पर जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. वरुण अरोड़ा को एचएमपीवी वायरस का नोडल ऑफिसर बनाया गया है।

### 2005 में भी देखा गया था इसका असर

पीजीआई के डायरेक्टर डॉ. सुरेश सिंघल ने बताया कि यह कोई नया वायरस नहीं है, 2005 में भी इसका असर देखा गया था, अब सरकार के आदेश मिलने के बाद पीजीआई में इस वायरस से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। मरीजों को आइसोलेशन के लिए वार्ड बनाया है और एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त कर दिया गया है।

### सी-ब्लॉक में गंभीर मरीज के जांच की सुविधा



डॉ. कुंदन मित्तल ने बताया कि कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि एचएमपीवी वायरस के संदिग्ध मामले में कोई भी लापरवाही ना बरती जाए। उन्होंने बताया कि गंभीर मरीज के जांच की सुविधा सी-ब्लॉक में उपलब्ध होगी। डॉ. कुंदन ने बताया कि माइक्रोबायोलॉजी विभाग को आदेश दिए गए हैं कि प्रतिदिन शाम को एचएमपीवी वायरस से संबंधित रिपोर्ट चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में भेजी जाएगी। सभी विभाग अध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि एचएमपीवी वायरस के संदिग्ध की पूरी सूचना चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में तुरंत भेजी जाए।

### पैनिक होने की जरूरत नहीं

डॉ. सुरेश ने कहा कि इस वायरस को लेकर लोगों को ज्यादा पैनिक होने की जरूरत नहीं है। इस वायरस से मौत होने का खतरा कम है। फिर भी लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। डायरेक्टर ने कहा कि ये वायरस बच्चों और बुजुर्गों को अधिक चपेट में ले रहा है। अगर किसी को खांसी, बुखार, गले में दर्द है तो यह इसके शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। ऐसे में उन्हें तुरंत इसकी जांच करवानी चाहिए।

### वायरस से घबराने की जरूरत नहीं

निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि वायरस से घबराने की जरूरत नहीं है, इससे बचाव के तरीके अवश्य अपनाएं। संस्थान में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन प्लांट, मास्क वेंटिलेटर उपलब्ध हैं, जिन्हें जरूरत के हिसाब से और अधिक बढ़ा दिया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर निदेशक डॉ. एसके सिंघल, डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. ध्रूव चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### मदवि में युवक पर फॉयरिंग के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने एमडीयू में युवक पर हुई फायरिंग की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एमडीयू हट में गोली चली है। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की। खेड़ी साध निवासी विक्की की शिकायत के आधार पर थाना पीजीआईएमएस में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 30 दिसंबर 2024 को विक्की एमडीयू में आया हुआ था। विक्की अपने दोस्त के साथ एमडीयू के हट में चाय पीने चला गया। विक्की व हितेश वापिस चलने लगे तो हितेश गाड़ी में बैठ गया। विक्की फोन सुनते हुए चलने लगा तो अंशुल, रोबिन, लव मलिक, राहुल व कई अन्य लड़के लाठी-डंडो व हथियारों सहित थे। युवकों ने विक्की पर जान से मारने की नीयत से गोली चलानी शुरु कर दी। विक्की ने डर के मारे हॉस्टल में छुपकर अपनी जान बचाई। गोलियों की आवाज सुनकर भीड़ इक्टठा होते हुए देख युवक गाढ़ी में सवार होकर मौके से फरार हो गई। जांच 9 जनवरी को अमन निवासी गांव बनियानी व अमन निवासी गांव खिड़वाली हाल हनुमान कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया है।





छात्र अंशु को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. जोगेंद्र सिंह दहिया व शिक्षकगण।

### जाट कॉलेज के छात्र अंशु नांदल को मिलेगा एनएसएस स्टेट अवार्ड

**रोहतक।** अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक अंशु नांदल को हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग (डीजीएचई) द्वारा प्रदान किए जाने वाले राज्य स्तरीय एनएसएस स्टेट अवार्ड 2022-23 के लिए चयनित किया गया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जोगेंद्र सिंह दहिया ने छात्र अंशु नांदल को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय और राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी सदस्यों के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने अंशु की मेहनत, समर्पण और समाजसेवा के प्रति उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने बताया कि हमारे कॉलेज के छात्र अंशु नांदल समेत अन्य सम्मानित को 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय इस उपलब्धि पर अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा है और अंशु नांदल के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। इस अवसर पर एसएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुशीला डबास, डॉ. सुभाष धतरवाल, डॉ. शीशपाल राठी आदि मौजूद रहे।

### कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धाराओं 16-1 व 17-2 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अवैध निर्माण को गिराने जाने की कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है। जिलाधीश द्वारा जारी किए गए आदेशानुसार जनस्वास्थ्य विभाग महम के एसडीई सुरजीत सिंह व लाखनमाजरा के बीडीपीओ करतार सिंह को गांव निंदाना के नजदीक नेशनल हाइवे 152-डी पर बने अवैध निर्माण को गिराए जाने की कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।



जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा

## एमडीयू: भूगोल विभाग में जियोगैलेरिया स्थापित की गई

# जियो गैलेरिया विद्यार्थियों को सर्वेक्षण और मापन विषय को गहनता से जानने में होगी सहायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शुक्रवार को भूगोल विभाग में जियोगैलेरिया का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा तथा कुलपति के सलाहकार प्रो. एके राजन उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस अत्याधुनिक जियो गैलरी का शुभारंभ करते हुए कहा कि जियोगैलेरिया विद्यार्थियों को सर्वेक्षण और मापन विषय को गहनता से जानने और नवीनतम भौगोलिक उपकरणों और प्रौद्योगिकियों के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने जियोगैलेरिया की स्थापना के लिए भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. महताब सिंह और उनकी पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस अवसर पर भूगोल विभाग में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के संकलन कॉसमॉस वाल्यूम 2 का विमोचन भी किया। भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. महताब सिंह ने जियोगैलेरिया बारे ब्रीफिंग दी। उन्होंने बताया कि जियोगैलेरिया विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को भूगोल के विभिन्न पहलुओं से रूबरू करवाएगा। जियो गैलरी शैक्षणिक ज्ञान और वास्तविक दुनिया के भौगोलिक अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटने में अहम होगी, ऐसा उनका कहना था। उन्होंने इतिहास में भूगोल की महत्ता को पीपीटी द्वारा रेखांकित किया और कार्टोग्राफिक उपकरणों की विकास यात्रा को प्रस्तुत किया।



**रोहतक।** जियोगैलेरिया सकार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह। फोटो: हरिभूमि

### कुलपति ने प्रयासों को सराहा

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह समेत अन्य गणमान्य लोगों ने जियोगैलेरिया का अवलोकन किया और भूगोल विभाग के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा, कुलपति के सलाहकार प्रो. एके राजन, डीन, सोशल साइंसेज प्रो. सेवा सिंह दहिया, डीन, फिजिकल साइंसेज प्रो. एससी मलिक, भूगोल विभाग के प्राध्यापक प्रो. बीनू सांगवान, प्रो. प्रमोद भारद्वाज, प्रो. सचिन्द्र, प्रो. रेणु आर्या, प्रो. केवी चमार, डॉ. प्रदीप सिंह, दृश्य कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सीसीपीसी उप निदेशक डॉ. अरूण हुड्डा, पीआरओ पंकज नैन, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

निपटारा | समस्याएं ज्यादा दिनों तक लंबित नहीं रहनी चाहिए: एडीसी

# समाधान शिविर में पहुंचीं 11 शिकायतें 4 का किया मौके पर ही समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में शुक्रवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। समाधान शिविर में कुल 11 लोगों ने अपने समस्याएं रखी, जिनमें से 4 का मौके पर ही समाधान किया गया। एडीसी नरेंद्र कुमार ने विशेषकर परिवार पहचान पत्र से संबंधित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे नागरिकों द्वारा किए जाने वाले आवेदनों के अनुरूप ही परिवार पहचान पत्र में नाम दर्ज, कटवाना आदि अन्य किसी भी प्रकार की त्रुटि को दुरुस्त करें। नागरिकों को ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े कि उन्होंने परिवार पत्र में दुरुस्त करवाने के लिए आवेदन कुछ और किया था और उसकी जगह पर और कुछ दर्ज कर दिया है। इससे न केवल लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, बल्कि जरूरतमंद लोग पेंशन संबंधित योजनाओं, छात्रवृति या केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर लेने से वंचित रह जाते है। उन्होंने निर्देश दिए कि पीपीपी में त्रुटियों को दुरुस्त करने से संबंधित समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा किया जाए। लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। एडीसी ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का हल निकालने के लिए ही मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय, नगर निगम व उपमंडल मुख्यालय पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। सरकार का उद्देश्य है कि लोगों की किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान एक ही जगह पर हो सके। ऐसे में यदि किसी व्यक्ति की समस्या एक से ज्यादा विभागों से संबंधित है, तो वे विभाग आपसी तालमेल बनाकर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करें। समाधान शिविर में आने वाली समस्याएं ज्यादा दिनों तक लंबित नहीं रहनी चाहिए। हर संभव कोशिश करें कि उसी समय समस्या का निदान हो। संबंधित विभागों के अधिकारी समस्या पर की जाने वाली कार्रवाई की रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करें। इस अवसर पर उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, बिजली निगम से कार्यकारी अभियंता सीमा नारा, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह मौजूद रहे।



**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते एडीसी नरेंद्र कुमार।

# लघु सचिवालय के पुराने भवन परिसर में वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की



**रोहतक।** लघु सचिवालय के पुराना भवन में स्थित ईवीएम वेयरहाउस के नजदीक वाहन पार्किंग के लिए जगह का निरीक्षण करते एसीयूटी अभिनव सिवाच। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लघु सचिवालय परिसर में वाहनों को सुव्यवस्थित करने के लिए डीसी धीरेंद्र खड़गटा के आदेशानुसार लघु सचिवालय के पुराना भवन में स्थित ईवीएम वेयरहाऊस के नजदीक वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है। यहां पर अधिकारी, कर्मचारी और लघु सचिवालय में आने वाले नागरिक अपना वाहन खड़ा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रतिदिन अनेक लोग लघु सचिवालय में अपने वाहनों के माध्यम से किसी न किसी कार्य के लिए आते हैं। वाहनों के इधर-उधर खड़ा करने से लघु सचिवालय परिसर व सचिवालय के साथ लगते मुख्य सडक़ मार्गों पर जाम की स्थिति बन जाती है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने वाहन पार्किंग की समस्या को गंभीरता से लिया और वाहनों के लिए उचित पार्किंग की जगह तलाशने के निर्देश दिए। एसीयूटी अभिनव सिवाच ने बताया कि डीसी के निर्देशानुसार लघु सचिवालय के पुराना भवन में स्थित ईवीएम वेयरहाऊस के नजदीक वाहन पार्किंग के लिए जगह तलाश की गई है। यहां पर करीब 60 से 70 चार पहिया वाहन पार्क हो सकते हैं। इसके अलावा दो पहिया वाहनों के लिए भी पार्किंग की उपयुक्त जगह यहां पर है। उन्होंने बताया कि इस वाहन पार्किंग की कैमरों से निगरानी की जाएगी।



एक गोरिल्ला दिन में 14 घंटे सोकर बिताता है।



कुत्ते को हर चीज केवल ब्लैक एंड व्हाइट ही दिखाई देती है।

# प्रयोगशाला शिक्षक बन चमकाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हमारे भारत में किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी को बहुत ही ज्यादा सम्मान दिया जाता है। क्योंकि सरकारी नौकरी पाने के बाद लोगों को ऐसा लगता है, कि उन्होंने सब कुछ पा लिया है। हमारे देश के बुजुर्ग भी सरकारी नौकरी पाने वाले व्यक्ति को बहुत ज्यादा सम्मान देते हैं। इतना ही नहीं सरकारी नौकरी हासिल करने के बाद उम्मीदवार पैसा कमाने के साथ-साथ सम्मान भी बहुत अधिक कमाता है। खासतौर से हमारे आस पास अध्यापक पद काम करने वाले व्यक्ति को अच्छा सम्मान मिलता है। आज के आर्टिकल में हम आपको प्रयोगशाला टीचर कैसे बने, इसके बारे में जानकारी देंगे।

## प्रयोगशाला शिक्षक कौन होता है

प्रयोगशाला टीचर उच्च कक्षाओं में जो प्रयोगशाला होती है। उन प्रयोगशालाओं में अध्यापक के तौर पर प्रैक्टिकल करवाने वाले उम्मीदवार को कहा जाता है। प्रयोगशाला टीचर उच्च कक्षाओं यानी कि 10वीं 11वीं और 12वीं कक्षाओं में जो विज्ञान वर्ग के विषयों में प्रैक्टिकल करवाने का काम करते हैं, उनको कहा जाता है। प्रयोगशाला अध्यापक लैब में विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल करके हर चीज सिद्धांत के साथ समझाते हैं। विज्ञान विषय में प्रैक्टिकल काफी महत्वपूर्ण होता है। विज्ञान की थ्योरी पढ़ने के साथ-साथ प्रैक्टिकल के माध्यम से उस रिएक्शन और गतिविधि के बारे में संपूर्ण जानकारी विद्यार्थी लेते हैं और यह जानकारी देने का काम लैब टीचर करता है।

## जरूरी योग्यताएं

जो विद्यार्थी प्रयोगशाला टीचर बनने का सपना देख रहे हैं। और प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन विद्यार्थियों को सबसे पहले लैब टीचर बनने के लिए जरूरी योग्यता को पूरा करना होगा योग्यता को पूरा करके ही आप प्रयोगशाला टीचर की भर्ती में आवेदन लगा सकते हैं और टीचर बनने के सपने को पूरा कर सकते हैं। प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए जरूरी योग्यता नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है:

- उम्मीदवार 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के साथ पास किया हुआ होना अनिवार्य है।
- उम्मीदवार को उच्च शिक्षा के तौर पर आगे ग्रेजुएशन और मास्टर ग्रेजुएशन करना जरूरी है।
- बीएड की डिग्री हासिल करें।

## क्या करने होते हैं कार्य

प्रयोगशाला टीचर के कार्य कि यदि बात की जाए तो प्रयोगशाला टीचर शब्द से ही यह अंदाजा लगाया जा सकता है, कि ऐसा अध्यापक जो प्रयोगशाला में होने वाली गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने में अपनी मदद करता है। प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को नए नए प्रयोग सिखाने और उनके बारे में जानकारी देने में प्रयोगशाला टीचर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों को विज्ञान की कई प्रकार की रियक्शन और गतिविधियों से अवगत करवाता है। प्रयोगशाला टीचर विद्यार्थियों को प्रयोग सिखाता है और लैब की परीक्षाओं में एग्जाम करवाने का काम भी करता है।

## कैसे बनें

**प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए विद्यार्थियों को सबसे पहले 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के साथ पास करनी होगी। विज्ञान वर्ग के साथ जो विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास कर लेता है। उसको नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को फॉलो करते हुए आगे बढ़ना होगा।**

**ग्रेजुएशन पूरा करें :** 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग में पूरा कर चुके विद्यार्थी किसी भी सब्जेक्ट के साथ ग्रेजुएशन कर सकता है। ग्रेजुएशन विज्ञान वर्ग से संबंधित होना अनिवार्य है। ग्रेजुएशन की डिग्री न्यूनतम 50% अंक के साथ पास करना काफी महत्वपूर्ण रहता है।

**बीएड की डिग्री हासिल करें :** 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग में पूरा कर चुके विद्यार्थी किसी भी सब्जेक्ट के साथ ग्रेजुएशन कर सकता है।

**मास्टर डिग्री यानी की पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा करें :** ग्रेजुएशन और बीएड की डिग्री लेने के पश्चात उम्मीदवार को पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी होती है। पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री लेने पर विद्यार्थी किसी भी एक विषय में मास्टर डिग्री हासिल कर लेता है और उस विषय से संबंधित प्रयोगशाला शिक्षक बनने के लिए योग्य भी हो जाता है। मास्टर डिग्री लेने वाले उम्मीदवार को अब आने वाली प्रयोग शाला शिक्षक भर्ती में आवेदन करने के लिए योग्यता मिल जाती है।

**प्रयोगशाला टीचर भर्ती में आवेदन करें :** लैब टीचर बनने के लिए उम्मीदवार को सरकार के द्वारा नियमित तौर पर निकाले जाने वाली प्रयोगशाला टीचर भर्ती में अपना आवेदन लगाना होगा। हालांकि जो विद्यार्थी प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर बनना चाहता है। उस विद्यार्थी के लिए किसी भी भर्ती में आवेदन लगाने की जरूरत नहीं है। विद्यार्थी डिग्री कंप्लीट करने के बाद सीधा किसी भी प्राइवेट विद्यालय में ज्वाइन होकर प्रयोगशाला टीचर पद पर कार्यरत हो सकता है। लेकिन सरकारी प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए विद्यार्थी को प्रयोगशाला टीचर भर्ती में अपना आवेदन लगाना होगा। जब विद्यार्थी प्रयोगशाला टीचर भर्ती में आवेदन लगाता है। तो विद्यार्थी को प्रयोगशाला टीचर की सेलेक्शन प्रक्रिया से गुजरते हुए इस पद को हासिल करना होता है।

**कितनी होती है सैलरी :** प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर को 15,000 से 25,000 तक की सैलरी मिल जाती है। प्राइवेट विद्यालय में यह सैलरी कोई फिक्स नहीं है। उच्च स्तरीय प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर की सैलरी 50,000 तक भी हो सकते हैं। सरकारी प्रयोगशाला टीचर बनने के बाद उम्मीदवार की सैलरी की बात की जाए तो उम्मीदवार को शुरुआत में 40,000 तक की सैलरी मिलती है और 2 साल की अवधि पूरी होने के बाद उम्मीदवार को पहला प्रमोशन मिलता है। उसके बाद उम्मीदवार को 50,000 से 70,000 की सैलरी और ग्रेड पे के साथ-साथ अन्य कई प्रकार के सरकारी भत्ते की सुविधाएं भी मिलती है।

## करियर का बढ़िया विकल्प, आने वाली पीढ़ियों से जोड़ता है ये पेशा

# आर्ट कंजर्वेटर बनकर सहेजें कला और सांस्कृतिक धरोहर, कमाएं अच्छा पैसा

जॉब ट्रेंड्स

डॉ. मोहित बंसल, करियर कोच



आर्ट कंज़र्वेटर (संरक्षक) एक बहुत बढ़िया और अनोखा पेशा है। यह आपको आने वाली पीढ़ियों से जोड़ता है। यदि आपकी भी ऐतिहासिक, कला और सांस्कृतिक धरोहर में रूचि है तो यह पेशा आपके करियर में चार चांद लगा देगा। यह खुद को घरोहरों से जोड़ना और अच्छा पैसा कमाने वाला काम है। इससे आप अपने करियर को नया मुकाम दे सकते हैं। कला और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखना एक ऐसा कार्य है जो हमारे इतिहास को जीवित रखता है। आने वाली पीढ़ियों को अतीत से जोड़ता है। इसी उद्देश्य को साकार करने में आर्ट कंज़र्वेटर एक अहम भूमिका निभा सकता है। आर्ट कंज़र्वेटर वह विशेषज्ञ होते हैं, जो पेंटिंग्स, मूर्तियों, वस्त्र, ऐतिहासिक दस्तावेज़ों और अन्य कला एवं सांस्कृतिक वस्तुओं की देखभाल व संरक्षण करते हैं। यह कार्य न केवल उनकी मरम्मत तक सीमित है, बल्कि इसमें इन वस्तुओं के वैज्ञानिक, रासायनिक, और ऐतिहासिक पहलुओं का भी ध्यान रखा जाता है। हालांकि इसके लिए आपको कुछ प्रशिक्षण भी लेने होते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि आप कैसे एक बेहतर आर्ट कंज़र्वेटर यानी संरक्षक बन सकते हैं।

**कला और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखना एक ऐसा कार्य है जो हमारे इतिहास को जीवित रखता**



**आर्ट कंज़र्वेटर वह विशेषज्ञ हैं, जो पेंटिंग्स, मूर्तियों, वस्त्र, ऐतिहासिक दस्तावेजों की देखभाल व संरक्षण करते हैं**

### आवश्यक कौशल

1. तकनीकी और वैज्ञानिक ज्ञान
   - रासायनिक और भौतिक प्रक्रियाओं का गहन ज्ञान।
   - कला सामग्रियों के संरक्षण में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों और तकनीकों की समझ।
2. विश्लेषण और समस्या समाधान
   - क्षतिग्रस्त कला वस्तुओं के लिए उपयुक्त समाधान तैयार करने की क्षमता।
3. धैर्य और स्थिरता
   - लंबे समय तक चलने वाले जटिल संरक्षण कार्यों के लिए धैर्य और ध्यान जरूरी है।
4. संचार और टीमवर्क
   - संग्रहालयों, इतिहासकारों, और वैज्ञानिकों के साथ प्रभावी सहयोग।

### राज्य सरकार के विभाग

राजस्थान, महाराष्ट्र, और तमिलनाडु के सांस्कृतिक और पुरातत्व विभाग

### वेतन और संभावनाएं

- प्रारंभिक स्तर पर वेतन 3,00,000 से 6,00,000 प्रति वर्ष हो सकता है।
- अनुभवी पेशेवर 10,00,000 या अधिक कमा सकते हैं।
- सरकारी संस्थानों में वेतनमान सरकारी नियमों के अनुसार होता है, जिसमें अतिरिक्त लाभ भी शामिल होते हैं।

### कला और इतिहास को सहेजने वाला पेशा

- आर्ट कंज़र्वेटर का पेशा कला और इतिहास से प्रेम करने वाले लोगों के लिए एक उत्कृष्ट करियर विकल्प है। यह न केवल रचनात्मक और शैक्षिक है, बल्कि यह ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने के माध्यम से समाज में योगदान देने का
- एक सशक्त माध्यम भी है। यदि आप कला, विज्ञान और इतिहास के संगम में रुचि रखते हैं, तो आर्ट कंज़र्वेटर के रूप में एक करियर आपके लिए आदर्श हो सकता है।

### काउंसलर की लें मदद

अपने लिए किसी भी तरह के कोर्स या पेशे को चुनने से पहले आपको एक करियर काउंसलर की मदद एवं सलाह जरूर लेनी चाहिए, ताकि करियर काऊंसलर आपको आपके विषयों की दिलचस्पी, कौशल और व्यक्तित्व के हिसाब से एक अच्छा कोर्स और पेशा चुनकर दे सके। इसके लिए आप वेबसाइट **www.careerjaano.com** पर विजिट कर सकते हैं।

### शिक्षा और प्रशिक्षण

1. स्नातक और परास्नातक डिग्री
   - कला इतिहास, रसायन विज्ञान, और पुरातत्व में स्नातक और परास्नातक डिग्री इस क्षेत्र में प्रवेश के लिए उपयोगी हो सकती है।
   - आर्ट कंज़र्वेशन में विशेष पाठ्यक्रम भारत और विदेशों के कई संस्थानों में उपलब्ध हैं।
2. प्रमुख भारतीय संस्थान
   - नेशनल म्यूज़ियम इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली

   कोर्स: आर्ट कंज़र्वेशन में एमए और पीएचडी
   - इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज, नई दिल्ली

   कोर्स: विभिन्न कला और धरोहर संरक्षण पाठ्यक्रमों और प्रमाणपत्र
   - राष्ट्रीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई)

   कोर्स: आर्ट कंज़र्वेशन से संबंधित प्रशिक्षण
   - कलकत्ता विश्वविद्यालय

   कोर्स: म्यूज़ियोलॉजी और आर्ट कंज़र्वेशन संबंधित प्रशिक्षण
3. अंतरराष्ट्रीय संस्थान
   - गेटी कंज़र्वेशन इंस्टीट्यूट, यूएसए
   - यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, यूके
   - कॉर्टोला आर्ट कंज़र्वेशन स्कूल, इटली
4. ऑनलाइन कोर्स
   - कई प्लेटफॉर्म जैसे उद्यमी और कोरसेरा आर्ट कंज़र्वेशन के लिए विशेष ऑनलाइन पाठ्यक्रम भी प्रदान करते हैं।

### करियर के अवसर और क्षेत्र

#### निजी क्षेत्र

1. संग्रहालय और आर्ट गैलरी
   - गेटी म्यूज़ियम, यूएसए
   - कृष्णा कलेक्शन, मुंबई।
   - इंडियन आर्ट कंज़र्वेशन कंपनी
2. नीलामी घर और आर्ट डीलर
   - क्रिस्टी
   - सोथबी
   - ऑसियन आर्ट सर्विसेज, नई दिल्ली।
3. स्वतंत्र कंसल्टेंसी
   - आर्ट कंज़र्वेटर्स स्वतंत्र रूप से संग्रहालयों और निजी संग्रहकर्ताओं के लिए काम कर सकते हैं।

#### सरकारी क्षेत्र

1. पुरातत्व विभाग
   - भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ऐतिहासिक धरोहरों और कलाकृतियों के संरक्षण में विशेषज्ञों की आवश्यकता रखता है।
2. राष्ट्रीय संग्रहालय और अभिलेखागार
   - राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली।
   - राष्ट्रीय अभिलेखागार, भारत।
3. शैक्षणिक और शोध संस्थान
   - बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू)

   कला और धरोहर संरक्षण में शोध और प्रशिक्षण।
   - अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू)

   म्यूज़ियोलॉजी और आर्ट कंज़र्वेशन कोर्स।

**यह कार्य न केवल उनकी मरम्मत तक सीमित है, बल्कि इसमें वस्तुओं के वैज्ञानिक, रासायनिक, और ऐतिहासिक पहलुओं का भी ध्यान रखना है।**

# दौड़ती–भागती जिंदगी में छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य बेहद जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज की दौड़ती-भागती जिंदगी में छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है। पढ़ाई, प्रतियोगिताओं और भविष्य की चिंताओं के बीच, खेल और टीम स्पिरिट वह माध्यम बन सकते हैं, जो न केवल आपको मानसिक सुकून देंगे, बल्कि जीवन में आत्मविश्वास और अनुशासन का नया अध्याय भी जोड़ेंगे। टीम स्पिरिट यानी समूह में मिलकर काम करने की भावना। यह केवल खेलों तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन में हर जगह इसकी जरूरत पड़ती है। जब आप किसी टीम का हिस्सा होते हैं, तो आप समझते हैं कि हर सदस्य का योगदान सफलता के लिए महत्वपूर्ण होता है।

## सामूहिक सफलता ज्यादा महत्वपूर्ण

**सहयोग की ताकत:** टीम में खेलना सिखाता है कि व्यक्तिगत सफलता से ज्यादा महत्वपूर्ण है सामूहिक सफलता।

**सकारात्मक दृष्टिकोण:** टीम में जीत और हार दोनों का सामना करना पड़ता है, जो आपको जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करना सिखाता है।

**नेतृत्व गुण:** टीम स्पोर्ट्स में आप नेतृत्व करना और दूसरों को प्रेरित करना सीखते हैं।

**खेल:** मानसिक स्वास्थ्य का सबसे अच्छा दोस्त शारीरिक व्यायाम की तरह ही खेल मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूती प्रदान करते हैं। जब आप मैदान में दौड़ते हैं, गेंद के पीछे भागते हैं, या किसी लक्ष्य को पाने के लिए संघर्ष करते हैं, तब आपके दिमाग और शरीर के बीच एक सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है।

खेल के मानसिक स्वास्थ्य पर अद्भुत प्रभाव:

**तनाव और चिंता से राहत:** खेलते समय दिमाग से नकारात्मक विचार दूर होते हैं और आप अपनी पूरी ऊर्जा खेल पर केंद्रित करते हैं।

**एकाग्रता में सुधार:** खेल आपको फोकस और ध्यान केंद्रित करना सिखाता है, जो पढ़ाई और जीवन के अन्य क्षेत्रों में मदद करता है।

**खुशी का अहसास:** खेलते समय हमारे शरीर में ₹फील-गुड हार्मोन₹ रिलीज होते हैं, जिससे खुशी का अनुभव होता है।

**मनोबल बढ़ाना:** किसी भी खेल में हासिल की गई छोटी-छोटी सफलताएं आपके आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देती हैं।

**टीमवर्क का महत्व:** खेल सिखाते हैं कि अकेले सफलता पाना कठिन है; सही टीम और सही सामंजस्य ही आपको लक्ष्य तक पहुंचा सकता है।

**अनुशासन का विकास:** खेल समय की पाबंदी और अनुशासन के महत्व को समझाते हैं।

**प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना:** खेल में हर बार जीत नहीं मिलती। हार जीवन में मुश्किल हालातों का सामना करने की ताकत देती है।

## खेलों को जीवन का हिस्सा कैसे बनाएं

1. स्कूल या कॉलेज में खेल गतिविधियों में भाग लें।
2. पढ़ाई के साथ खेल का समय तय करें, जैसे शाम को दोस्तों के साथ फुटबॉल खेलना।
3. टीम स्पोर्ट्स में हिस्सा लें, जो आपको सहयोग और नेतृत्व गुण सिखाएं।
4. नियमित रूप से योग या व्यायाम करें, जो खेल में आपकी परफॉर्मेंस को बेहतर बनाएं।

### खेल और समाज निर्माण

खेल न केवल व्यक्तिगत विकास का जरिया है, बल्कि यह समाज में एकता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देता है। जब छात्र टीम स्पिरिट के साथ खेलते हैं, तो वे बेहतर इंसान बनते हैं और समाज को भी बेहतर बनाने में योगदान देते हैं। खेल और टीम स्पिरिट न केवल आपको मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि आपके व्यक्तित्व को भी निखारते हैं। जीवन की हर चुनौती को स्वीकार करना और उसे पार करना खेलों से सीखा जा सकता है। छात्रों के लिए यह जरूरी है कि वे पढ़ाई के साथ खेलों को भी जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। याद रखें, जीवन एक खेल है, और जीतने के लिए टीम स्पिरिट और मेहनत सबसे जरूरी है। खेलते रहिए, सीखते रहिए, और हमेशा खुश रहिए।

## सामान्य ज्ञान

**1.** यंग प्रत्यास्थायता गुणांक का एसआई मात्रक है
(ए) डाइन/सेमी.
(बी) न्यूटन/मी.
(सी) न्यूटन/मी.$^2$
(डी) मी.$^2$/से.

**2.** निम्नलिखित युग्मों में से किन भौतिक राशियों के सामान विमीय सूत्र नही है ?
(ए) बल एवं दाब
(बी) कार्य एवं उर्जा
(सी) आवेग एवं संवेग
(डी) भार एवं बल

**3.** एक खगोलीय इकाई संबंधित है -
(ए) सूर्य एवं पृथ्वी के बीच की दूरी से
(बी) चन्द्रमा एवं पृथ्वी के बीच की दूरी से
(सी) सूर्य, चन्द्रमा के बीच की दूरी से
(डी) उपरोक्त में से कोई नही

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सी अविमीय राशि है ?
(ए) विकृति
(बी) श्यानता गुणांक
(सी) गैस नियतांक
(डी) प्लांक नियतांक

**5.** निम्नलिखित में से कौन एक सदिश राशी नही है
(ए) संवेग
(बी) वेग
(सी) कोणीय वेग
(डी) द्रव्यमान

**6.** अदिश राशी है
(ए) उर्जा
(बी) बल आघूर्ण
(सी) संवेंग
(डी) उपरोक्त सभी

**7.** निम्नलिखित में से कौन सी एक सदिश राशी है
(ए) संवेंग
(बी) दाब
(सी) उर्जा
(डी) कार्य

**8.** निम्नलिखित में से कौन सी राशी सदिश नही है
(ए) विस्थापन
(बी) वेग
(सी) बल
(डी) आयतन

उत्तर 1.(सी) 2.(ए) 3.(ए) 4.(ए) 5.(डी) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप



### नेकीराम कॉलेज में मनाया हिंदी दिवस

**रोहतक।** नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. विकास के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. लोकेश बल्हारा ने भारतीय संस्कृति, भाषा आदि का किस प्रकार वैश्विक स्तर पर प्रचार किया जाए इससे बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के तमाम देशों में बसे भारतीयों को एक सूत्र में बांधने के लिए विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंच संचालन डॉ. विकास ने किया। इस अवसर पर डॉ. शौकीना, डॉ. सुनील, डॉ. मनोज, डॉ. सरिता, डॉ. सीमा, डॉ. संतोष, डॉ. मोनिका सहित अन्य उपस्थित रहे।

### रेखाचित्र से दी विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं

**झज्जर।** एल ए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा ने एक रंगोली रेखाचित्र के माध्यम से विश्व हिंदी दिवस पर शुभकामना संदेश दिया। स्कूल प्रबंधक के एम डागर ने बताया कि प्रति वर्ष दस जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। हमें हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा बनाने के लिए मिलकर प्रयास करना चाहिए। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने सभी बच्चों व अभिभावकों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मातृभाषा को सम्मान के साथ अपनाने के लिए प्रेरित किया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया ने कहा कि हिंदी दिवस को सार्थक रूप से मनाकर इस दिन को यादगार बनाया है। हमें हिंदी भाषा का सम्मान करना चाहिए।

### सीटीएम ने शिविर में सुनीं समस्याएं

**झज्जर।** शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम परवेश कादियान ने नागरिकों की शिकायतों पर सुनवाई की। उन्होंने उपस्थित नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का समाधान शीघ्र किया जाए। शिविर में प्रमुख रूप से जलापूर्ति, स्वच्छता, बिजली, सड़क मरम्मत और अन्य जनसेवा से जुड़ी समस्याएं दर्ज हुई।

### बिरोहड़ के खेत में बने कमरे से तार चोरी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बिरोहड़ में खेत से कमरे के अंदर रखी करीब 250 मीटर केबल चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में किसान संजीव कुमार ने बताया कि उसने अपने खेत में सबमर्सिबल लगवा रखा है। जब वह शुक्रवार की सुबह अपने खेत में गया तो वहां बने कमरे का ताला टूटा हुआ था तथा उसमें रखी करीब 250 मीटर केबल भी चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

#### महिला एवं बाल विकास विभाग छोटूराम स्टेडियम में करवाई प्रतियोगिता

# म्यूजिकल चेयर में बालंद की ललिता तो साइकिल रेस में किरण रही प्रथम

**डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में गांव कलानौर की सुदेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छोटूराम स्टेडियम में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनवाड़ी वर्कर व गांव की महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने खेल प्रतियोगिता में एक-दूसरे को पछाड़ने के लिए पूरा दमखम लगाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी कुमारी दीपिका सैनी ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं को एनीमिया, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम, पोषण अभियान बारे जानकारी दी गई तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की शपथ दिलवाई गई। खेल प्रतियोगिता के दौरान म्यूजिकल चेयर में गांव बालंद से ललिता प्रथम, गढ़ी-सांपला की मुकेश व अर्जुन नगर की रेनू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में गांव कलानौर की सुदेश ने प्रथम गांव कटेसरा की मंजू ने द्वितीय व चिड़ी निवासी मंजू ने तृतीय स्थान हासिल किया। एक सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सुनीता ने प्रथम, प्रोमिला ने द्वितीय व ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह से 300 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में खुशबू प्रथम, शिल्पा द्वितीय व प्रिया ने तृतीय स्थान हासिल किया तथा 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में मीनू प्रथम, भूमिका द्वितीय व तनिषा रानी तृतीय स्थान पर रही। साइकिल रेस प्रतियोगिता में किरण ने प्रथम, नेहा दूसरा व सुनीता ने तीसरा स्थान पाया। इस दौरान सीडीपीओ सांपला डिम्पल, सीडीपीओ रोहतक शहरी दमयंती, सीडीपीओ चिड़ी कमलेश, सीडीपीओ कलानौर मंजू यादव, बिजेन्द्र, अनिल, सुनील आदि मौजूद रहे।



**रोहतक।** खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते जिला कार्यक्रम अधिकारी कुमारी दीपिका सैनी। *फोटो : हरिभूमि*



**रोहतक।** डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

# आयुक्त ने किया डेयरी काम्पलैक्स का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कार्यकारी अभियंता, भू अधिकारी के साथ डेयरी काम्पलैक्स का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि वे डेयरी काम्पलैक्स की मूलभूत सुविधाओं का कार्य तुरंत करवायें, जैसे सीवर, पानी, गलियों के निर्माण का कार्य आदि। डेयरी काम्पलैक्स के नालों की सफाई भी समय-समय पर सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि गोबर गैस प्लांट को जल्द से जल्द शुरू किया जाये ताकि डेयरियों से निकलने वाले गोबर का निष्पादन हो सके। अगर अन्य कोई कार्य भी करवाया जाना है तो कार्य योजना प्रस्तुत की जाये। इस दौरान उन्होंने डेयरी संचालकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनी। इसके अतिरिक्त जिन डेयरी धारकों के प्लाट कन्हेली डेयरी काम्पलैक्स में अलॉट हैं लेकिन उनके द्वारा डेयरी को वहां पर शिफ्ट नहीं किया गया हैं, उन्हें भी नोटिस देकर जल्द से जल्द वहां पर शिफ्ट करवाया जाये।

**जल्द प्रदान की जाएं सुविधाएं**

इस दौरान डेयरी संचालक बलजीत ने कहा कि यहां पानी की व्यवस्था व गलियां बनवाई जानी जरूरी हैं ताकि अन्य डेयरी संचालक भी यहां पर डेयरियां जल्द से जल्द शिफ्ट कर सकें। डेयरी संचालक शिवम द्वारा बताया गया कि डेयरी काम्पलैक्स स्थित दुकानों का निर्माण करवाकर उनकी निलामी की जाये ताकि यहां के डेयरी संचालको को सुविधाएं प्राप्त हो सकें। इस मौके पर कार्यकारी अभियंता मंदीप सिंह, नगर अभियंत सुनिल शर्मा, भू-अधिकारी संदीप बतरा आदि उपस्थित रहे।

# गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में नगर कीर्तन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह के 358वें प्रकाश पर्व की खुशी में शनिवार को गुरु नानक सेवा सोसाइटी के सहयोग से शहर में विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। नगर कीर्तन गुरुद्वारा भाई बहादर सिंह से सुबह 10:30 से पंज प्यारों की अगुवाई में श्री गुरू ग्रन्थ साहिब की छत्र छाया में निकाला जायेगा। जिसमें सिख पंथ के मशहूर रागी जत्थे गुरु बानी का उच्चारण करते हुए संगतों को निहाल करेंगे। जानकारी देते हुए गुरु नानक सेवा सोसाइटी के प्रधान सरदार जोगिंदर सिंह गोल्डी ने बताया कि नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब से चलकर नया बाजार, बजरंग भवन, अशोका चौक, गुरुद्वारा भाई माछी शाह जी, जवाहर नगर, सब्जी मंडी, पब्लिक पार्क से राम लीला ग्राउंड, पटेल नगर, आईटीआई, लेबर चौक, डीएलएफ कॉलोनी, गुरुद्वारा बाबा बंदा बहादुर, गुरुद्वारा बाबा सोमा शाह जी से होते हुए मानसरोवर कॉलोनी, झंग कॉलोनी, सुभाष नगर, मॉडल टाउन, डी पार्क अर्जुन नगर से होते हुए शाम को वापस गुरुद्वारा भाई बहादर सिंह में नगर कीर्तन की समाप्ति की अरदास होगी।



# स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने जीवन में अवश्य लागू करना चाहिए : सुनीता सहगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद कन्याकुमारी हरियाणा प्रांत के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता धर्मेन्द्र और सुनीता सहगल रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विवेकानंद गीत से की गई। धर्मेंद्र ने पीपीटी के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के जीवन का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने जात पात का खंडन किया, उन्होंने शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में भाग लिया। वे कहते थे, गर्व से कहो मैं भारतवासी हूं और सभी भारतवासी मेरे भाई हैं, उन्होंने रामकिशन मिशन की स्थापना की। उन्होंने संदेश दिया उठो, जागो, लक्ष्य प्राप्त होने तक रुको नहीं। सुनीता सहगल ने कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने जीवन में अवश्य लागू करना चाहिए।



**स्वामी विवेकानंद के विचारों को धारण करें: प्राचार्या**

प्राचार्या डॉ. तरूणा मल्होत्रा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में स्वामी विवेकानंद के विचारों को धारण करना चाहिए, जल्दी सोना और जल्दी उठना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपना नजरिया बदलना चाहिए और परिस्थितियों के अनुसार बदलाव लाना चाहिए। इस अवसर पर वाइआरसी की संयोजिका डाक्टर निधि, डॉ. सुदेश, डॉ. ज्योति गोयल, इंदु जैन, दिनेश, डॉ. मधु, डॉ. ज्योति, प्रीति दहिया, डॉ. कमलेश, मीनू गुप्ता, डॉ. अंजू सचदेवा, डॉ. सुदेश, डॉ. पूजा, डॉ. सुनीता, डॉ. कुसुम, डॉ. राखी, डॉ. मोनिका, पूजा, परीक्षा, सीमा, सुनीता, मेघा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सीएम विंडो की लंबित समस्याएं जल्द निपटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सरकार द्वारा आमजन के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। अधिकारी इन योजनाओं के क्रियान्वयन में और तेजी लाएं। जरूरतमंद पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ वंचित नहीं रहने चाहिए। इसके साथ मुख्यमंत्री घोषणाओं को अतिशीघ्र अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिए। सीएम विंडो से संबंधित लंबित समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। यह बात उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने शुक्रवार को विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर से पहले अधिकारियों के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में पहुंची लंबित समस्याओं का भी एक सप्ताह के अंदर निपटारा करें ताकि नागरिकों को किसी भी तरह से दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। उन्होंने रोडवेज की परिवहन की हैपी कार्ड, स्वामित्व योजना, अमृत सरोवर, विभिन्न पेंशन योजनाएं, कल्याण विभाग से संबंधित योजनाएं, स्वच्छता अभियान, पीएम सूर्य घर योजना, हाउसिंग फॉर ऑल, ई-लाइब्रेरी, पशुपालन आदि विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। डीसी ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में यदि किसी भी प्रकार की कोई रुकावट आती है तो उसके बारे में उनको जरूर अवगत करवाया जाए ताकि उनको दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यालय से संबंधित कोई बात है तो उसके बारे में पत्राचार किया जाए। डीसी ने लोक निर्माण, जन स्वास्थ्य और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित जमीन की म्यूटेशन का कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाए। इसके लिए राजस्व या संबंधित विभाग से तालमेल स्थापित करें।



**जनता को न हो कोई परेशानी**

डीसी ने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की पेंशन संबंधित योजनाएं चलाई जा रही हैं। पेंशन संबंधित योजनाएं परिवार पहचान पत्र के साथ जुड़ी हैं। यदि किसी के परिवार पहचान पत्र में कोई त्रुटि है तो उसको दुरुस्त करवाकर उसको अपडेट किया जाए। लोगों अनावश्यक रूप से चक्कर ना लगाने पड़े। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, एसीयूटी अभिनव सिवाच, एसडीएम आशीष कुमार, बिजली निगम से कार्यकारी अभियंता सीमा नारा, सिंचाई विभाग से कार्यकारी अभियंता राजीव कुमार, डीआईओ महेश, डीएफएससी वरिंद्र सिंह, सहायक रोजगार अधिकारी रीचा आर्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### महम के मेन बाजार में बनेगा शौचालय

**महम।** नगर पालिका द्वारा महम शहर के मेन बाजार में सार्वजनिक शौचालय बनाया जाएगा। नपा अधिकारियों की योजना है कि यह शौचालय बाजार के बीच स्थित पटवार भवन में बनया जाए। पटवार भवन को यहां से लघु सचिवालय में शिफ्ट करवाया जाए और यहां पर सार्वजनिक शौचालय बनाया जाए। नगर पालिका अधिकारी इस संबंध में जल्द ही कागजी कार्यवाही शुरू करेंगे। सबसे पहले इस जमीन को नगर पालिका अपने अधीन लेगी। उसके बाद यहां पर आधुनिक तरीके का सार्वजनिक शौचालय बनाया जाएगा। इससे दुकानदारों, व्यापारियों, रेहड़ी फड़ी लगाने वालों, ग्राहकों और राहगीरों को राहत मिलेगी। क्योंकि पालिका बाजार में तो शौचालय बना हुआ है। लेकिन मेन बाजार में शौचालय की सुविधा नहीं है।



### मॉडल स्कूल में प्रशिक्षण का शुभारंभ

**रोहतक।** अंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और इन्स्टीट्यूट ऑफ सेक्रेट्रिएट ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट (आइएसटीएम) द्वारा शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सीबीएसई पंचकुला रीजन के संयुक्त सचिव और उत्कृष्टता केंद्र के प्रमुख तरुण कुमार व सोर्स परसंस गुंजन गांधी, इंद्रजीत मित्तल, मॉडल स्कूल की प्रधानाचार्या डॉक्टर अरुणा तनेजा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इसका उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत समस्त भारत के शिक्षकों को प्रशिक्षित करना है। कार्यशाला के पहले दिन 50 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रधानाचार्या डॉक्टर तनेजा ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत इस प्रकार की कार्यशालाएं एक मील का पत्थर साबित होंगी।



### योग करने से शरीर रहता है स्वस्थ

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की ओर से 15 दिवसीय योग एवं ध्यान कार्यशाला का शुभारंभ वीरवार को किया गया। प्राचार्या डॉ. दर्शना देवी ने विद्यार्थियों को योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रोजाना योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। कार्यशाला में मुख्य प्रवक्ता सीनियर न्यूरोथैरेपिस्ट एवं योग प्रशिक्षक देवेंद्र सिंह ने छात्राओं को स्वास्थ्य के विषय में बताते हुए कहा कि सभी को योग जरूर करना चाहिए। उन्होंने योग के विभिन्न आसनों से अवगत कराया। इस मौके पर प्रोफेसर वीणा सचदेवा, डॉ. राधा राठी, नीरज काद्यान, रेनू आदि मौजूद रहे।

#### नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

# रात को भी कूड़ा उठाएगी नगर निगम की गाड़ी

- नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने सफाई शाखा के अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश
- रेहड़ी, फड़ी वालों को स्वच्छता एवं डस्टबीन रखने बारे किया जाएगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने सफाई शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे शहर में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें, क्योंकि गंदगी रहने से शहर की छवि पर भी प्रभाव पड़ता है। अक्सर देखने में यह आता है कि कूड़े को खुले में फेंक दिया जाता है, इस बारे में उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गों व मार्केट एरिया में रेहड़ी, फड़ी वालों को डस्टबीन रखने व कूड़ा इधर-उधर न डालने बारे जागरूक किया जाये। इतना ही नहीं मार्केट एरिया में रात के समय भी कूड़ा उठाने वाली गाड़ी भेजी जाये ताकि रात के समय दुकादानदार व रेहड़ी, फड़ी वाले खुले में कूड़ा न डालकर गाड़ी में डाल सकें। पहले सभी से अपील की जाये तथा उसके बाद नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्यवाही करते हुए चालान किए जाएं।







**किया जा रहा जागरूक**

*नगर निगम आयुक्त ने कहा कि नगर निगम की दो टीमों द्वारा आमजन को गीला व सूखा कूड़ा अलग करने बारे जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने अपील की है कि घरों, दुकानो, संस्थानों आदि से निकलने वाला कूड़ा जैसे पोलीथीन, कपड़ा, गत्ता, कागज आदि इधर-उधर न डालकर नगर निगम के घर-घर से कूड़ा लेने वाले वाहन में ही डालें, गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्रित कर एवं उसे कूड़ा लेने वाली गाड़ी को अलग-अलग ही दें। इसके अलावा सफाई कार्य से संबंधित शिकायत को नगर निगम कार्यालय के टोल फ्री नंबर 18001805007, 14420 व 8295900992 पर या स्वच्छ ऐप पर दर्ज करवाएं।*

### कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति घायल

**झज्जर।** कस्बा बेरी के नजदीक झज्जर मार्ग पर हुई कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस को दी शिकायत में दूबलधन गांव के रोहन कुमार ने बताया कि वह बिजली निगम के अंतर्गत जहाजगढ़ में कार्यरत है तथा झज्जर में किराए के मकान में रहता है।

### महराणा के खेत से सोलर मोटर चोरी

**झज्जर।** गांव महराणा के खेत से सोलर मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में महराणा गांव निवासी किसान महाबीर ने बताया कि उसने फाटक के नजदीक स्थित अपने खेत में सिंचाई के लिए सोलर मोटर लगा रखी थी। बीते वीरवार की शाम जब वह खेत में काम करने गया तो वहां से उसकी सोलर मोटर चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज किया है।



## खबर संक्षेप



### प्रतिमा के अनावरण को लेकर चलेगा अभियान

**रोहतक।** पंडित श्रीराम शर्मा की प्रतिमा अनावरण को लेकर 15 जनवरी तक जन संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर भीम भारद्वाज, धर्मबीर शर्मा, राजेश अत्री, जितेन्द्र अत्री, जयपाल शर्मा, सतीश शर्मा, विनोद शर्मा, उमेश शर्मा आदि मौजूद रहे।



रोहतक। रनर्स अप ट्रॉफी के साथ एमडीयू के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### एमडीयू ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी की रनर्स अप

**रोहतक।** तलवंडी साबो भटिंडा पंजाब में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष कुश्ती फ्री स्टाइल प्रतियोगिता में एमडीयू की टीम ने ओवरऑल सेकेंड रनर्स अप ट्रॉफी जीती है। इस प्रतियोगिता में एमडीयू के पहलवान नरेंद्र ने 70 किलो भार वर्ग में पहला गोल्ड मेडल जीत कर एमडीयू का नाम रोशन किया। बीते वीरवार को एमडीयू के पहलवान पुष्पेंद्र ने 86 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीत कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया।



### सीनियर सिटीजन क्लब में लगाया जांच शिविर

**रोहतक।** कायनोस अस्पताल द्वारा सीनियर सिटीजन क्लब सेक्टर-3 में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस मौके पर इंद्रसिंह हुड्डा, रणधीर सिंह, हरवीर सिंह अहलावत, कदम सिंह अहलावत आदि मौजूद रहे।

# किसानों ने मकड़ौली टोल प्लाजा पर निकाली केंद्र सरकार की शव यात्रा

## एमएसपी समेत किसानों की सभी मांगें मानकर तुरंत लागू करने की मांग

- कड़ाके की सर्दी के बावजूद मकड़ौली टोल पर एकत्रित हुए सैकड़ों किसान
- किसानों ने केंद्र सरकार को दी कड़े शब्दों में चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंजाब के किसान संगठनों के आह्वान का असर रोहतक में भी दिखाई दिया। सैकड़ों किसानों ने एकजुट होकर पानीपत रोहतक स्टेट हाइवे पर मकड़ौली टोल प्लाजा पर केंद्र सरकार की शव यात्रा निकाली और नारेबाजी के बीच प्रधानमंत्री मोदी का पुतला जलाया।

किसान नेताओं ने केंद्र सरकार से एमएसपी समेत तमाम मांगे मानकर लागू करने का आग्रह भी किया और कहा कि किसानों की मांगें सरकार पहले भी स्वीकार कर चुकी है और इनमें कुछ भी नया नहीं है लिहाजा केंद्र सरकार को तुरंत प्रभाव से सभी मांगे मानकर लागू कर देनी चाहिए। करीब 46 दिन से आमरण अनशन पर चल रहे किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल की लगातार गिर रही सेहत को लेकर भी किसानों ने चिंता जाहिर की। विरोध कार्यक्रम से पहले किसान नेत्री मोनिका नैन और उमेद सरपंच की अगुवाई में सैकड़ों किसान ट्रैक्टर ट्रालियों में सवार होकर मकड़ौली टोल प्लाजा पर एकत्रित हुए। किसानों को संबोधित करते हुए मोनिका नैन ने एकता और मजबूती की बात कही और केंद्र सरकार को चेताया कि वह किसानों के सब्र की ओर परीक्षा ना ले। उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्ग किसान नेता दल्लेवाल साहब 46 दिन से आमरण अनशन पर चल रहे हैं और उनकी हालत बेहद खराब हो चुकी है। सरकार को तुरंत प्रभाव से किसानों की सभी मांगें स्वीकार करनी चाहिए।

### मौके पर पुलिस बल रहा मौजूद

किसानों को संबोधित करने के बाद सभी लोग एकजुट हुए और केंद्र सरकार की शव यात्रा निकालते हुए नारेबाजी के बीच टोल प्लाजा के बीचो-बीच हाईवे पर पहुंचे और पुतले को आग के हवाले किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था ताकि किसी किस्म की अप्रिय घटना की संभावना हो तो समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें।

### मुकर गए प्रधानमंत्री

किसान नेत्री मोनिका ने कहा कि हमारी मांगें कोई नई नहीं हैं, बल्कि इन सभी मांगों के बारे में स्वयं पीएम मोदी भी सत्ता में आने से पहले लंबे चौड़े वादे करके सत्ता में आए थे। लेकिन बाद में वे मुकर गए और किसानों को दिल्ली के बॉर्डर पर 13 महीने तक आंदोलन चलाते हुए साढ़े 7 सौ किसानों की शहादत देनी पड़ी। तब प्रधानमंत्री मोदी ने खुद कहा था कि एमएसपी की गारंटी दी जाएगी और किसानों की सभी मांगे मानी थी। किसान वहीं मांगें मनवाने के लिए आज पुनः आंदोलन के लिए मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमारे लोकप्रिय नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल को कुछ हुआ तो नतीजे ठीक नहीं होंगे। अब भी वक्त है सरकार नींद से जागे और हमारी मांगें स्वीकार कर लागू करे, ऐसा मोनिका ने कहा है।

### कमजोर समझने की भूल न करें: उमेद

कार्यक्रम में किसान नेता उमेद सरपंच और रणधीर सिंह और राजू मकड़ौली आदि समेत अन्य तमाम किसान नेताओं ने भी केंद्र सरकार को चेताते हुए कहा कि केंद्र सरकार किसानों को कमजोर समझने की भूल ना करें। हमारी सभी मांगे जायज हैं और केंद्र सरकार को उन्हें स्वीकार करना चाहिए। पंजाब के किसानों को अकेला न समझा जाए बल्कि उनके साथ हरियाणा समेत पूरे देश के किसान एकजुट हैं और पूरी किसान मजदूर कौम एक है। सभी किसान संगठन और संयुक्त किसान मोर्चा के लोग सक्रिय रूप से किसान आंदोलन में साथ आ गए हैं और अब आंदोलन और भी व्यापक होता जा रहा है। तमाम वक्ताओं ने किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल की बिगड़ती हुई सेहत को लेकर बेहद चिंता जताई और कहा कि हमारे नेता को कुछ हुआ तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# प्रिंस ने फेंसिंग स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

- सांगवान इंटरनेशनल स्कूल का ग्यारहवीं कक्षा का छात्र है प्रिंस
- स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा ग्यारहवीं के छात्र प्रिंस ने उत्तराखंड के रुद्रपुर में आयोजित राज्यस्तरीय अंडर 17 फेंसिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ ही प्रिंस का चयन कुवैत में होने वाले एशियन गेम्स के लिए हो गया है, यह प्रतियोगिता फरवरी में आयोजित होगी। प्रिंस ने महज 6 साल की उम्र में फेंसिंग के प्रति अपने जुनून और लक्ष्य की शुरुआत की थी। स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान ने कहा कि निष्ठा, लगन और दृढ़ता के साथ यदि कोई कार्य किया जाता है तो किसी भी लक्ष्य तक पहुंचाना असंभव नहीं होता। स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान व प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान ने प्रिंस और उनके अभिभावकों को बधाई दी और कहा कि प्रिंस की इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ निश्चय और मेहनत से कोई भी सपना हकीकत में बदला जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने भविष्य में होने वाली एशियन गेम प्रतिस्पर्धा के लिए प्रिंस को शुभकामनाएं दी।

# नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों में छुपा कौशल होगा विकसित : डॉ. नरेश

- एसजेके कॉलेज में एनईपी व हिन्दी का भविष्य विषय पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर में विश्व हिन्दी दिवस पर हिन्दी विभाग द्वारा एनईपी 2020 और हिन्दी का भविष्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबन्धक समिति के अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सांसद शादी लाल बत्तरा द्वारा की गई। हिन्दी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विकास कुमार ने हिन्दी विषय व नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों को हिन्दी विषय के साथ-साथ अन्य विषयों का भी ज्ञान होगा व रोजगारन्मुख विषयों के ज्ञान से विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त करने में भी सफलता होगी। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने कहा कि नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों में छिपे कौशल, रचनात्मकता को उभरने में विशेष योगदान रहेगा। शादी लाल बत्तरा ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को हिन्दी विषय का भी ज्ञान होना चाहिए क्योंकि हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा है। इस अवसर पर महेंद्र खुराना सहित अन्य मौजूद रहे।

# ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं: तिवारी

- स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर पीजीआईडीएस में कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर पीजीआईडीएस में एक आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम यूथ विंग (आरईआरएच) ऑफ ब्रह्माकुमारी और पीजीआईडीएस के सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य व्यक्तियों को प्रेरित करना था कि उत्थान, जागृति और अपनी शक्ति को पहचानें। इस कार्यक्रम में ध्यान के अभ्यास, और सभी के प्रति अच्छे होने के व्यावहारिक अंतर्दृष्टि शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत सिस्टर मोनिका के प्रेरक संबोधन से हुई, जिन्होंने हर मानव में निहित शुद्धता, शक्ति और शांति पर जोर दिया। उन्होंने विश्व नाटक चक्र के बारे में गहरी अंतर्दृष्टि साझा की, जिसमें सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के माध्यम से संक्रमण शामिल है, और ईश्वर से जुड़ने की परिवर्तनकारी शक्ति पर प्रकाश डाला, जो शुद्ध और सकारात्मक ऊर्जा का अंतिम स्रोत है। श्रोताओं को ध्यान प्रदर्शन के माध्यम से मार्गदर्शन किया गया, जिसने अभ्यास की गहरी क्षमता का एक झलक दिया जो मन को शांत करने और आत्मा को ऊपर उठाने में सक्षम है। डॉ. सुशील ने अच्छी आदतों को विकसित करने पर जोर दिया, जो कार्यक्रम का एक प्रमुख निष्कर्ष था। सिस्टर मोनिका ने शुद्धता के महत्व पर जोर दिया, जो एक सामंजस्यपूर्ण जीवन का मूल कारण है, वहीं डॉ सुशील ने स्वस्थ आहार जिसमें फल, सब्जियां और अंकुरित शामिल है जिससे शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य जुड़ सकता है। डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय तिवारी ने सभी को ध्यान को दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को याद दिलाया कि निस्वार्थता के साथ कुछ देने के कार्य व्यक्तियों को दिव्य आत्माओं के स्तर तक उठाते हैं। मंच का संचालन पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के डॉक्टर आदर्श ने किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. भावना द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिन्होंने सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

### छात्र-छात्राओं को दिए रोजगार हासिल करने के टिप्स

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त करने के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देने के लिए सेमिनार लगाया गया। सेमिनार में प्रबंध के क्षेत्र में रोजगार के अवसर नामक विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन करवाया गया। इस दौरान बच्चों को सरकारी, निजी, गैर लाभकारी संगठन और उधमिता आदि क्षेत्रों में रोजगार के विभिन्न पदों की जानकारी दी। महर्षि दयानंद विवि रोहतक में इमसार के प्रोफेसर डॉ. संजय नांदल इस संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई।



**महम।** एक्सटेंशन लेक्चर देने पहुंचे प्रोफेसर डॉ. संजय नांदल का स्वागत करते कार्यकारी प्रिंसिपल रोहित कुमार व प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. सुनील कुमारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय पहचान और गौरव का प्रतीक है: डॉ. कपिल कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शमशेर बहादुर सक्सेना विधि महाविद्यालय रोहतक में हिंदी: एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि कॉलेज प्राचार्य डॉ. जेएस जाखड़ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्रशासनिक अधिकारी साची भटनागर ने की। शिक्षाविद डॉ. कपिल कौशिक ने बतौर मुख्यवक्ता शिरकत की।

मुख्यवक्ता डॉ. कपिल कौशिक ने कहा कि हिंदी न केवल हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर और गर्व का प्रतीक है, बल्कि इसमें ऐसी शक्ति है जो विभिन्न संस्कृतियों, देशों और लोगों के बीच सामूहिकता और गौरव का संदेश फैलाती है। हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय पहचान और गौरव का प्रतीक है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जेएस जाखड़ ने कहा विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर सभी भारतीयों को हिन्दी को दुनिया के कोने-कोने में पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। कॉलेज प्रशासनिक अधिकारी साची भटनागर ने कहा कि हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य युवाओं को हिंदी के महत्व और उसके साहित्य से परिचित कराना है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डॉ. पिंकी, डॉ. जगजीत, चांद, मोनिका, अनुपमा, आशुतोष, सुमित, शशिकांत, सोनिया आदि मौजूद रहे।

# डॉ. मधुकांत की 204वीं पुस्तक कहानी संग्रह 'स्वहन्ता' का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में आयोजित हिंदी दिवस कार्यक्रम में हरियाणा साहित्य अकादमी के सूर सम्मान से सम्मानित साहित्यकार डॉ. मधुकांत की 204वीं पुस्तक कहानी संग्रह स्वहन्ता का विमोचन विभागाध्यक्ष डॉ. बाबूराम वर्मा ने किया।

उक्त कार्यक्रम में डॉ. बीएम यादव डीन, डॉ. सुधीर मालिक डीएसडब्ल्यू, डॉ. बरुन कुमार झा डिप्टी डीन, डॉ. सोमबीर, डॉ. संजीव कुमार वर्मा, डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. जयकरण, डॉ. अनिल कुमारी, डॉ. प्रवेश तथा अनेक शोधार्थियों एवं छात्रों की उपस्थिति रही। हिंदी के प्रचार-प्रसार में लगे गणमान्य व्यक्तियों को प्रज्ञा साहित्यिक मंच, रोहतक द्वारा सम्मानित किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. शामलाल कौशल और आशा खत्री 'लता' भी आयोजन में सम्मिलित हुए। आशा खत्री 'लता' ने 'स्वहन्ता' की कहानियों पर प्रकाश डाला तथा काव्यपाठ किया। डॉ. मधुकांत को 204वीं पुस्तक की बधाई देते हुए डॉ. बाबूराम वर्मा ने उनके साहित्य की विस्तृत चर्चा करते हुए रक्तदान संबंधी साहित्य की विशेष रूप से प्रशंसा की।

शोधार्थियों व छात्रों ने साहित्य सृजन संबंधी अपनी जिज्ञासाएं डॉ. मधुकांत के समक्ष रखी और उन्होंने उनके प्रश्नों का उत्तर देते हुए साहित्य सृजनयात्रा के अनुभव साझा किए। डॉ. सुमन राठी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रम

# हिंदी भाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण अंग : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देतें हरियाणवी कलाकार और आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षाविद, शोधार्थी और छात्रों के साथ कुलपति प्रो. ( डॉ. ) एचएल वर्मा। फोटो : हरिभूमि

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में विश्व हिन्दी दिवस पर गुरु विद्यापीठ रोहतक के सहयोग से वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी भाषा एवं भारतीय शिक्षा पद्धति कल, आज और कल के संदर्भ में विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के दौरान हिंदी भाषा और भारतीय शिक्षा पद्धति के महत्व पर गहन चर्चा की गई, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए शिक्षाविदों और विद्वानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. (डॉ) एचएल वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान का एक महत्वपूर्ण अंग है और भारतीय शिक्षा पद्धति ने विश्व में ज्ञान-विज्ञान की नई दिशा प्रदान की है। कुलसचिव रजिस्ट्रार प्रो. विनोद कुमार ने कहा कि यह संगोष्ठी हमारी भारतीय शिक्षा पद्धति की समृद्ध धरोहर को उजागर करने और हिंदी भाषा की वैश्विक महत्व पर विचार करने का एक सशक्त मंच प्रदान करती है। हरियाणवी डांस, कथक और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों की प्रस्तुतियों ने न केवल भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित किया बल्कि उसकी विविधता और समृद्धि को भी उजागर किया। हरियाणवी डांस की प्रस्तुति प्रवीन कुमार व कथक की प्रस्तुति सुमित जांगड़ा ने दी। इस आयोजन ने हिंदी भाषा और भारतीय शिक्षा पद्धति के महत्व को रेखांकित करते हुए इसके उज्जवल भविष्य की संभावनाओं पर बल दिया।

### वैश्विक संदर्भ में बदलती भूमिका पर विचार रखे

इस संगोष्ठी में वक्ताओं और विशेषज्ञों ने हिंदी भाषा और भारतीय शिक्षा पद्धति की वैश्विक संदर्भ में बदलती भूमिका पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में सीबीएलयू विव से डॉ. सुशीला, टांटिया विवि से डॉ. नरेश सिहाग, डॉ. मधु, डॉ. विश्वबंधु ने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अरुणा आंचल और डॉ. सुमन राठी ने किया। इस अवसर पर डॉ. विकास शर्मा, डॉ. यशपाल, डॉ. बाबुराम, डॉ. बबीता, डॉ. निशा, डॉ. शीतल, डॉ. जगदीश भारद्वाज, मानविकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. बीएम यादव, डॉ. रेखा सोनी, डॉ. रजनी, डॉ. संकेत उपस्थित रहे।